रागिनी यचुरी
कार्यपालक निदेशक (औ.सं.)

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, नई दिल्ली-110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF RAILWAYS
(RAILWAY BOARD)
RAIL BHAVAN, NEW DELHI-110001

दिनांक: 31.03.2016

अ.शा. पत्र सं. हिंदी-2016/प्र-7/6

आदरणीय

विषयः **महाप्रबंधकों एवं उनसे वरिष्ठ अधिकारियों के लिए लागू कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक तथा वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड एवं उच्चतर ग्रेड के अधिकारियों के लिए रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित करना.**

आप जानते ही हैं कि भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार, हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, रेल मंत्रालय में विभिन्न पुरस्कार योजनाएं लागू हैं. विषयगत योजना के तहत, बोर्ड कार्यालय द्वारा महाप्रबंधकों एवं उनसे वरिष्ठ अधिकारियों के लिए **कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक** तथा वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड एवं उच्चतर ग्रेड के अधिकारियों के लिए **रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक** से सम्मानित करने की परंपरा है.

ये पदक उन उच्च अधिकारियों, जिनका अपने कार्यक्षेत्र में हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान रहा है तथा जो अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में काम करने की प्रेरणा देने के अलावा, स्वंय भी हिंदी में काम करते हैं, को प्रदान किए जाते हैं.

अतः आपसे अनुरोध है कि आपके यहां कार्यरत हिंदी में अनुकरणीय कार्य करने वाले महाप्रबंधक एवं विभाग प्रमुख स्तर के 1-2 अधिकारियों के नाम की अनुशंसा, उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य संबंधी विवरण के साथ 31 मई, 2016 तक भिजवाने का कष्ट करें.

कृपया अनुशंसित अधिकारियों के नाम उनकी एक फोटो के साथ **द्विभाषी रूप में** भिजवाएं. कृपया इस संबंध में यह भी सुनिश्चित करें कि जिन अधिकारियों को यह पदक पहले प्राप्त हो चुका है, उनके नाम बोर्ड कार्यालय को न भिजवाए जाएं.

सादर,

भवदीया,

ह०/-

(रागिनी यचुरी)

सभी मुख्य राजभाषा अधिकारी,
सभी रेलें, उत्पादन कारखाने, मेट्रो रेलवे, कोलकाता एवं रेल विद्युतीकरण,
अ.अ.मा.सं./भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी, वडोदरा तथा
निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जैसेः-
कोंकण, कॉफमो, राईट्स, आईआरएफसी, आईआरसीटीसी, क्रिस, इरकॉन, कॉनकोर.